Name : ........................................................................................................

Roll No. : ..............................................

# नवीन पाठ्यक्रम / New Syllabus

कुल प्रश्नों की संख्या : 22 ]
Total No. of Questions : 22 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[ Total No. of Printed Pages : 11

# K-202102–C

## विषय : भूगोल
## Subject : Geography

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 70
[ Maximum Marks : 70

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न की कुल संख्या 22 है।
*Instructions* : All questions are compulsory. There are 22 questions.

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 से 7 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 1 अंक निर्धारित है।
Question Nos. 1 to 7 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं। (उत्तर की शब्द-सीमा *50* शब्दों तक है)
Question Nos. **8** to **13** are short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of answer is *50* words)

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 14 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं। (उत्तर की शब्द-सीमा *150* शब्दों तक है)
Question Nos. **14** to **20** are long answer type questions. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of answer is *150* words)

(*v*) प्रश्न क्रमांक 10, 14, 15, 20 एवं 22 में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
In Question Nos. **10, 14, 15, 20** and **22** internal options are given.

(*vi*) दृष्टि बाधित छात्र, जिन प्रश्नों में मानचित्र अंकन अथवा रेखाचित्र दिए गए हैं, उनके स्थान पर उनकी प्रसिद्धि/विशेषताओं के 1-1 बिन्दु लिखेंगे।

Visually impaired students will write 1-1 point of speciality of that places in the map-making questions.

(*vii*) श्रवण बाधित छात्र दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर, व्याख्या एवं वर्णन के स्थान पर केवल बिन्दुवार लिखेंगे।

Hearing impaired students will write the long answer type questions with points only.

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 21 और 22 नक्शा कौशल पर आधारित हैं। जिसमें चिन्हित बिन्दुओं की पहचान करना और प्रदर्शित करना है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

Question Nos. **21** and **22** are related to identification or locating and labelling of map, carrying 5 marks in each question.

---

**प्रश्न-1** जनसंख्या प्रवास से आप क्या समझते हैं ? [1]

What do you mean by population migration?

**प्रश्न-2** निम्न मानव विकास सूचकांक का स्कोर कहाँ तक होता है ? [1]

What is the score of the low human development index?

**प्रश्न-3** सूती वस्त्र उद्योग के लिए प्रमुख कच्चा माल क्या है ? [1]

What is the raw material for cotton textile industry?

**प्रश्न-4** भारत में विशालतम भाषाई समूह कौन-सा है ? [1]

Which is the broad language groups in India?

**प्रश्न-5** ध्वनि की तीव्रता मापने वाली इकाई का नाम लिखिए। [1]

Write the name of unit of sound intensity.

**प्रश्न-6** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े एल्युमिनियम प्लांट का नाम क्या है ? [1]

What is the name of the biggest aluminium industry in Chhattisgarh?

**प्रश्न-7** छत्तीसगढ़ में कितनी फसल ऋतुएँ होती हैं ? नाम लिखिए। [½+½=1]

What are the different types of crop seasons in Chhattisgarh? Write the name.

**प्रश्न-8** आयु संरचना का क्या महत्व है ? [3]

What is the significance of the age structure?

प्रश्न-9 ऋणात्मक भुगतान संतुलन का होना किसी देश के लिए क्यों हानिकारक होता है ? [3]

Why is it detrimental for a nation to have negative balance of payments?

प्रश्न-10 पनामा नहर की निम्नलिखित तीन बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए : [½+½+1+1=3]

(अ) बंदरगाह (ब) लंबाई

(स) अधिकार

Throw light on the following three points of Panama Canal :

(*a*) Sea port (*b*) Length

(*c*) Right

***अथवा***

***OR***

स्वेज नहर की निम्नलिखित तीन बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए :

(अ) बंदरगाह (ब) लंबाई


(स) अधिकार

Throw light on the following three points of Suez Canal :

(*a*) Sea port (*b*) Length

(*c*) Right

प्रश्न-11 नीचे दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [1+1+1=3]




(अ) इस ग्रामीण बस्ती प्रतिरूप का नाम लिखिए।

(ब) ऐसे प्रतिरूप कहाँ पर मिलते हैं ?

(स) इस प्रतिरूप की एक विशेषता लिखिए।

Study the diagram given below and answer the questions :



(*a*) Name the given rural settlement pattern.

(*b*) In which areas do you find this rural settlement pattern?

(*c*) Give one characteristic feature of this settlement pattern.

प्रश्न-12 पुरुष और स्त्री के प्रवास के मुख्य कारण की पहचान कीजिए। [1½+1½= 3]
Identify the main reasons for male and female selective migration.

प्रश्न-13 ग्रामीण बस्ती एवं नगरीय बस्ती में अंतर बताइए (कोई ***तीन***)। [½+½+½+½+½+½=3]
Differentiate between rural settlement and urban settlement (any ***three***).

प्रश्न-14 चलवासी पशुचारण एवं वाणिज्य पशुपालन से क्या आशय है ? चलवासी पशुचारण तथा वाणिज्य पशुपालन में अंतर बताइए (कोई ***तीन***)। [2+3=5]
What do you mean by livestock farming and commercial animal husbandry? Write the differences between livestock farming and commercial animal husbandry (any ***three***).

***अथवा***

***OR***

व्यावसायिक कृषि एवं ट्रक फार्मिंग कृषि से क्या आशय है ? व्यावसायिक कृषि एवं ट्रक फार्मिंग कृषि में कोई तीन अन्तर लिखिए।
What do you mean by Commercial Agriculture and Truck Farming Agriculture? Write any three differences between commercial agriculture and truck farming agriculture.

प्रश्न-15 भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कृषि विकास की महत्वपूर्ण नीतियों का वर्णन कीजिए। [1+1+1+1+1=5]

Describe the important strategies for agricultural development followed in the Post-Independence period in India.

*अथवा*

***OR***

भारत में भू-राजस्व विभाग द्वारा अपनाए गए भू-उपयोग का वर्णन कीजिए।

Describe the use of the land adopted by the department of land revenue in India.

**प्रश्न-16** प्रदूषण से क्या आशय है ? प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं ? किसी एक प्रदूषण के कारण एवं निदान लिखिए। [1+1+1½+1½=5]

What is meant by pollution? How many types of pollution are there? Write the reasons and diagnosis of any one pollution.

**प्रश्न-17** भारत में परिवहन के साधन कौन-कौन से हैं ? रेल परिवहन को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए (कोई *तीन*)। [2+1+1+1=5]

Which are the means of transport in India? Describe the factors affecting rail transport (any ***three***).

**प्रश्न-18** जल-संभर प्रबंधन क्या है ? क्या आप सोचते हैं कि यह सतत् पोषणीय विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है ? [2+3=5]

What is watershed management? Do you think it can play an important role in sustainable development?.

**प्रश्न-19** मानव भूगोल की परिभाषा लिखते हुए मानव भूगोल के विषय क्षेत्र को समझाइए। [2+3=5]

Write the definition of Human Geography and explain the scope of human geography.

**प्रश्न-20** जनांकिकीय संक्रमण से संबंधित सिद्धांत का प्रतिपादन सर्वप्रथम किसने किया ? जनांकिकीय संक्रमण की तीन अवस्थाओं का वर्णन कीजिए। [1+4=5]

Who has given the theory of Demographic Transition first time? Describe the demographic transition of three stages.

*अथवा*

***OR***

मानव विकास की संकल्पना किसने प्रस्तुत की ? उनके चार स्तंभों की व्याख्या कीजिए।

Who has given the concept of Human Development? Explain their four pillars.

प्रश्न-21 विश्व के राजनीतिक सीमाकार मानचित्र में दर्शाए गए निम्न बिन्दुओं को पहचानें तथा उनका नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखें : [1+1+1+1+1=5]

(A) अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा क्षेत्रफल वाला देश

(B) एक विराट नगर

(C) ट्रांस-कांटीनेंटल रेलमार्ग का अंतिम स्टेशन

(D) एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(E) एक बड़ा बंदरगाह

In the given political outline map of the world, identify following points and write their names in your answer-book :


(A) The country with largest area in Africa continent

(B) A megalopolis

(C) The terminal station of Trans-continental Railway

(D) An international airport

(E) A major sea port


WORLD
Political
A
B
C
D
E

प्रश्न-22 छत्तीसगढ़ के चिन्हांकित मानचित्र में निम्नांकित को पहचानिए तथा उसके नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : [1+1+1+1+1=5]

(A) गोदावरी नदी की मुख्य सहायक नदी

(B) दंतेवाड़ा का लौह-अयस्क खदान

(C) महानदी पर निर्मित बाँध परियोजना

(D) छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी

(E) छत्तीसगढ़ का एकमात्र जूट मिल

In the sign marked map of Chhattisgarh, identify the following and write their names in your answer-book :


(A) Main tributary river of Godavari River

(B) Iron-ore mines of Dantewada

(C) Dam project on Mahanadi River

(D) Power hub of Chhattisgarh

(E) Only one jute mill of Chhattisgarh


D
E
C
A
B
A
B
C
D
E

*अथवा*

*OR*

भारत के राजनीतिक सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित का पता लगाएँ एवं संकेतों के साथ लेबल करें :

(A) छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक क्षेत्र

(B) भारत का सबसे कम क्षेत्रफल वाला राज्य

(C) महाराष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(D) भारत का सर्वाधिक चाय उत्पादक राज्य

(E) दक्षिणी रेलवे जोन का मुख्यालय

In the given political outline map of India locate and label the following with symbols :

(A) The major coal field located in Chhattisgarh

(B) The state having the smallest area in India

(C) The international airport in Maharashtra

(D) The most tea producing state of India

(E) The Headquarters of Southern Railway Zone

..........